तापमान
33.4° अधिकतम | 25.2° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 28 जून 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 80 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## ये रिम्स है वार्ड ब्वॉय ना बाबा ना ...

व्यवस्था फेल, जिम्मेदार मौन? मरीज को खुद ही स्ट्रेचर पर लादिए, खुद खींचिए


एंबुलेंस से मरीज को अंदर ले जाने के लिए वार्ड ब्वॉय का इंतजार करते परिजन.


वार्ड ब्वॉय नहीं मिला, तो खुद ही बुजुर्ग मरीज को ले जाते उसके परिजन.


स्ट्रेचर पर अपनी बुजुर्ग पत्नी को इलाज के लिए रिम्स के अंदर ले जाता पति.


महिला मरीज को एंबुलेंस से स्ट्रेचर पर लादते उसके परिजन.

**सैयद रमीज जावेद/आकर्ष अनिकेत । रांची**

ये रिम्स है. राज्य का सबसे बड़ा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल. यहां राज्य भर से गंभीर मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं. लोग मरीज लेकर पहुंच तो जाते हैं, लेकिन पहुंचने के साथ परेशानियों से रू-ब-रू होना पड़ता है. ओपीडी या इमरजेंसी में दिखाने के बाद मरीज को भर्ती कराने की जरूरत पड़ी, तो परेशानी शुरू. न तो वार्ड तक पहुंचाने के लिए स्ट्रेचर मिलेगा और न व्हीलचेयर. वार्ड ब्वॉय का तो पता ही नहीं रहता. जब स्ट्रेचर-व्हीलचेयर नहीं मिलेंगे, तो मरीज को कंधे पर या गोद में टांग कर हांफते-हांफते आपको खुद वार्ड तक पहुंचाना पड़ेगा. यदि भगवान भरोसे आपको स्ट्रेचर या व्हीलचेयर मिल भी गया, तो मरीज को बैठा-लेटा कर आपको वार्ड ब्वॉय को इंतजार करना पड़ेगा. लेकिन,मिलेगा नहीं. ऑपको खुद ही स्ट्रेचर या व्हीलचेयर पर मरीज को लेकर वार्ड तक पहुंचाना पड़ेगा. वार्ड तक मरीज को पहुंचाने के लिए आपको कई जगह पूछना पड़ेगा. वार्ड तक पहुंच भी गये, तो बेड मिलेगा ही, इसकी कोई गारंटी नहीं. फिर बेड के लिए इधर-उधर भागदौड़ कर हांफते रहिए. फर्श पर भी बेड लगाने को जगह मिल गयी, तो भगवान का शुक्रिया अदान कीजिए. वार्ड में भर्ती मरीज यदि स्वस्थ हो गया है, तो उसे वार्ड से नीचे तक पहुंचाने के लिए भी स्ट्रेचर या व्हीलचेयर मिलेगा ही, इसकी कोई गारंटी नहीं है. कंधे पर या गोद में मरीज को टांग कर ले जाइए. बहरहाल, रिम्स की पूरी व्यवस्था लचर है या यों कहें पूरी तरह से फेल है और जिम्मेदार मौन.

### ब्रीफ खबरें

**30 तक होल्डिंग टैक्स भर कर लें छूट का लाभ**

**रांची ।** नगर निगम क्षेत्र के होल्डिंग धारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के होल्डिंग टैक्स को 30 जून तक एकमुस्त जमा करने पर छूट दी जाएगी. आम नागरिकों के लिए छूट 10 प्रतिशत तक होगी. वहीं सीनियर सिटीजन, महिला, दिव्यांग और सैनिकों को अतिरिक्त पांच प्रतिशत छूट का लाभ मिल सकता है. अधिकतम छूट 15 प्रतिशत होगी.

**धोखाधड़ी मामले में जमीन कारोबारी दीपक गिरफ्तार**

**रांची ।** पिठौरिया थाना पुलिस ने गुरुवार को जमीन कारोबारी दीपक कुमार पाठक को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व के मामले में दीपक पाठक को गिरफ्तार किया गया है. वह फरार चल रहा था. उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

**61 बीडब्ल्यूजी को नगर निगम ने सम्मानित किया**

**रांची ।** गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने को बढ़ावा देने के लिए निगम की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है. इसी कड़ी में बल्क वेस्ट जेनरेटर (बीडब्ल्यूजी) व हाउसहोल्ड को समय पर यूजर चार्ज व गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने पर फाइव स्टार रेटिंग दी जा रही है. मई महीने में कुल 61 बीडब्ल्यूजी का चयन किया गया. सभी चयनित प्रतिष्ठानों को गुरुवार को निगम के सभागार में सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की द्वारा फाइव स्टार रेटिंग का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

**ऐसी दादागीरी...** पीड़िता का सवाल- बरियातू का जेनेटिक हॉस्पिटल है या कसाईखाना

## बिल के लिए महिला को 15 दिनों तक बंधक बनाए रखा

**सौरभ सिंह । रांची**

बरियातू पानी टंकी के पास है जेनेटिक हॉस्पिटल. अस्पताल प्रबंधन ने खूंटी की एक महिला को 15 दिनों से सिर्फ इसलिए बंधक बना कर रखा था, क्योंकि उसके पति भारी भरकम बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे थे. महिला गर्भवती थी. प्रसव के बाद पति उन्हें घर ले जाना चाहते थे, लेकिन जब अस्पताल प्रबंधन ने भारी भरकम बिल थमाया तो उनके होश उड़ गये. उनके पास उतने पैसे नहीं थे. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से काफी अनुनय-विनय किया. कहा कि जैसे ही पैसों को इंतजाम होगा, वे पाई-पाई चुका देंगे.

लेकिन अस्पताल प्रबंधन को उनकी हालत पर तनिक भी तरस न आया. अस्पताल प्रबंधन बिल भुगतान के लिए अड़ा रहा. पत्नी को अस्पताल में ही बंधक बना लिया गया. उधर पति बिल भुगतान के लिए पैसों के जुगाड़ में भटकता रहा, लेकिन व्यवस्था कर न सका. पति ने कहा जेनेटिक हॉस्पिटल, अस्पताल नहीं, कसाईखाना है. वहां उनकी पत्नी को न खाना दिया जा रहा है, न पानी. आखिरकार थक-हार कर उन्होंने इसकी शिकायत सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता से की. डीजी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीआईडी टीम को महिला को मुक्त कराने के लिए भेजा. सीआईडी की टीम ने सदर थाना पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंच कर महिला को वहां से मुक्त कराया और उनके घर (खूंटी) भेज दिया. वहीं अस्पताल प्रबंधन का पक्ष जानने के बाद उसके खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज कराया.

**किसी तरह जुगाड़ कर बाहर से खाना-पानी ले जा रहा था पति :** 15 दिनों तक अस्पताल में बंधक बना कर रखी गयी महिला के पति का आरोप है कि अस्पताल में पत्नी को जबरन रोके रखा गया था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन न खाना दे रहा था और न पानी. पति ने बताया कि वे किसी तरह पैसों को जुगाड़ कर बाहर से पत्नी के खाना-पानी ले जा रहे थे. पति का आरोप है कि काफी विनती करने के बावजूद उनकी पत्नी को घर नहीं ले जाने दिया जा रहा था. अस्पताल प्रबंधन के रवैये से पत्नी के साथ ही साथ-साथ उनकी भी मानसिक स्थिति खराब होती जा रही थी. अस्पताल प्रबंधन ने 15 दिनों तक उन्हें व उनकी पत्नी को मानसिक प्रताड़ना दी और पैसों के लिए दबाव डालता रहा.

### लाचार पति ने सीआईडी के डीजी से की शिकायत, तो मुक्त करा महिला को घर पहुंचाया

**न खाना दिया, न पानी**

- प्रसव कराने आई थी खूंटी की महिला अस्पताल ने थमा दिया भारी भरकम बिल
- पति के पास नहीं थे उतने पैसे, पर बिल भुगतान के लिए अड़ा रहा अस्पताल प्रबंधन


जेनेटिक हॉस्पिटल में कैद खूंटी की महिला मरीज.


जेनेटिक हॉस्पिटल की आलीशान बिल्डिंग.

### ऑटो चालक को रिम्स लेकर चलने को कहा, पर झांसा देकर निजी अस्पताल पहुंचा दिया

पीड़ित महिला के पति का कहना है उनकी पत्नी गर्भवती थीं. उन्हें प्रसव पीड़ा हुई, तो साथ लेकर बस से रांची पहुंचे. पत्नी को रिम्स में भर्ती कराना था. बस स्टैंड पर ऑटो चालक को रिम्स लेकर चलने को कहा. बताया कि पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराना है, तो ऑटो चालक ने उन्हें झांसे में ले लिया. बताया कि रिम्स में बेड मिलेगा या नहीं मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है. इतना कहते हुए उसने जेनेटिक हॉस्पिटल पहुंचा दिया. लेकिन उन्हें क्या पता था कि ऑटो चालक अस्पताल का एजेंट है और मरीज पहुंचाने के बदले उसे कमीशन मिलता है. यहां आकर वे लोग फंस गये. पिछले 15 दिनों से महिला का न इलाज चल रहा था और न ही खाना दिया जा रहा था. थक हार कर उन्होंने सीआईडी के डीजी से शिकायत की, तो राहत मिली.

## हाईकोर्ट के सवाल के जवाब मिले, तो बड़ा घोटाला खुलेगा

**सुरजीत सिंह**

**टिप्पणी**

झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार (26 जून) को एक सवाल उठाया. कोर्ट ने पूछा, पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने से कुछ नहीं होगा, पानी कहां से लाएंगे? यह जायज सवाल है, जिसका जवाब देने की स्थिति में अफसर नहीं हैं. कोर्ट के इस सवाल के साथ में एक और सवाल है, जिसे मीडिया उठाता रहा है. वह यह कि राज्य में अरबों की लागत से सैंकड़ों जलमीनार क्यों बनाए गए, जब पानी की नई व्यवस्था की ही नहीं गई? अगर कोर्ट के सवाल और जलमीनार निर्माण के सवाल के जवाब सामने आ गए तो सालों से सिलसिलेवार तरीके से चल रहे अरबों रुपये का घोटाले पर से परदा उठ जायेगा. कोर्ट के एक सवाल से यह उम्मीद जगी है कि संभव है भविष्य में इन सवालों के जवाब भी सामने आये.

दरअसल, लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराने के नाम पर झारखंड में 10-12 सालों से बड़ा खेल चल रहा है. वह खेल है- जलमीनार बनाने, पाइपलाइन बिछाने और घरों तक नल पहुंचाने का. जबकि सच यह है कि जितनी पुरानी जलमीनार हैं, जिन घरों तक पहले से पाइपलाइन पहुंचा हुआ है, उन तक ही पर्याप्त पानी पहुंचाना चुनौती है. डैमों और जलाशयों में पर्याप्त पानी है ही नहीं. पिछले 60-70 सालों में सरकारों ने कोई नया डैम या जलाशय बनाया नहीं, ना ही जो डैम या जलाशय हैं, उसके गाद को साफ किया गया. उपलब्ध डैमों व जलाशयों में ज्यादा से ज्यादा पानी रोकने के लिए किसी तरह की गंभीर कोशिश भी नहीं की गई. सरकार व विभाग का सारा ध्यान नयी जलमीनार बनाने और नए इलाके में पाइपलाइन बिछाने पर ही रहा. इस पर अरबों रुपये खर्च करने पर ध्यान रहा,ताकि कमीशन का खेल चलता रहे. अधिकांश जलमीनारों तक पानी भी नहीं पहुंच रहा है. अलग-अलग मौकों पर यह सवाल उठता रहा है कि अरबों रुपये खर्च कर जलमीनारें किनके लिए बनायी गयीं और किनके लिए पाइपलाइन बिछाये गए या बिछाये जा रहे हैं. इससे किसको फायदा मिला है या मिल रहा है. ठेकेदारों को, सप्लायरों को, इंजीनियरों को, अफसरों को, सत्ता शीर्ष पर बैठे नेताओं को या सभी को?

बहरहाल, हाईकोर्ट ने एक सवाल खड़ा किया है, तो इसका जवाब आना चाहिए. मंत्री, अफसर, इंजीनियर या ठेकेदार जवाब देंगे, इसकी उम्मीद नहीं कर सकते. कोर्ट से ही लोगों को उम्मीद है. कोर्ट को ही सवाल का जवाब सामने लाने के लिए अफसरों को कटघरे में खड़ा करना होगा, तभी सच सामने आ पायेगा और भ्रष्ट तंत्र बेनकाब होगा.

**नीट पेपर लीक :** दूसरे दिन भी हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में सीबीआई की टीम ने की जांच

## 22 घंटे से डॉ एहसान उल हक सीबीआई हिरासत में

**संवाददाता । रांची/ हजारीबाग**

नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में सीबीआई का शिकंजा कसता जा रहा है. इसको लेकर ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक से पूछताछ लगातार जारी है. सीबीआई की टीम दो दिनों से हजारीबाग में कैंप कर मामले की जांच कर रही है. इस क्रम में ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान करीब 22 घंटे से अधिक समय से सीबीआई की हिरासत में है.

इस मामले में रात भर चली पूछताछ के बाद प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक को गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सीबीआई की टीम पुनः ओएसिस स्कूल पहुंची. कई बिंदुओं पर जांच के बाद दिन के करीब 1:30 बजे डॉ हक के अलावा एक अन्य को पुनः चरही गेस्ट हाउस लेकर चली गई. जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम दो भाग में बंट कर जांच कर रही है. एक टीम चरही स्थित सीसीएल के एरिया गेस्ट हाउस में प्रिंसिपल व एक अन्य संदिग्ध से पूछताछ कर रही है. वहीं दूसरी टीम शहर के अन्य हिस्सों में जांच कर रही है.


प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक को ओएसिस स्कूल ले जाती सीबीआई.

- चरही गेस्ट हाउस से स्कूल लाकर प्रिंसिपल से पूछताछ
- चार घंटे की जांच के बाद पुनः गेस्ट हाउस ले गयी सीबीआई

### अब तक लैपटॉप, पेन ड्राइव व कागजात जब्त

इससे पूर्व नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम बुधवार सुबह ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक के घर पहुंची थी. यहां करीब तीन घंटे तक पूछताछ व जांच के बात दिन के करीब 12 बजे टीम उन्हें साथ लेकर स्कूल पहुंची. यहां परीक्षा संचालन में शामिल स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों से पूछताछ की गयी. स्कूल के कमरा नंबर 18 का भी निरीक्षण किया गया. इसके बाद बैंक को प्रश्न पत्र पहुंचाने वाली कूरियर कंपनी के कर्मचारियों को स्कूल लाकर पूछताछ की. शाम करीब पांच बजे प्रिंसिपल को चरही स्थित सीसीएल के एरिया गेस्ट हाउस ले जाया गया. वहां उनसे रात भर पूछताछ की गई. बता दें कि ओएसिस स्कूल से सीबीआई की टीम को कई अहम दस्तावेज और सबूत हाथ लगे हैं. बुधवार को टीम ने एक लैपटॉप, प्राचार्य के मोबाइल सहित कुल तीन मोबाइल, पेन ड्राइव, 18 नंबर कमरे से कुछ फाइल समेत अन्य महत्वपूर्ण कागजात जब्त किये थे.

### ओएसिस स्कूल से कैसे जुड़े पेपर लीक के तार

नीट (यूजी) परीक्षा का अधजला प्रश्न पत्र पटना के एक स्कूल से बरामद हुआ था. जांच में सामने आया कि इस प्रश्न पत्र का सीरियल कोड हजारीबाग के ओएसिस स्कूल सेंटर सेंटर का ही था. इसके बाद 21 जून को पटना की ईओयू टीम ने हजारीबाग आकर ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ एहसान उल हक व अन्य शिक्षकों से पूछताछ की थी. इसके बाद जांच की डोर जब सीबीआई के हाथ में गई, तो दो दिनों से टीम स्कूल के प्रिंसिपल व अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है.

### सीबीआई ने पटना से दो को किया गिरफ्तार

**पटना ।** सीबीआई ने नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में पहली बार गिरफ्तारियां की हैं और पटना से और दो लोगों को हिरासत में लिया है. अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए, जहां उन्हें लीक हुए प्रश्न पत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गयीं. सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में छह प्राथमिकियां दर्ज की हैं.

### ओएमआर शीट को लेकर एनटीए को नोटिस जारी

**नयी दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनटीए से जानना चाहा कि नीट (स्नातक) 2024 परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समय सीमा है या नहीं. न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा व न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नयी याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया.

### शहर में पावर कट जारी, लोग परेशान



**रांची ।** 33 केवी लाइन के कंडक्टर में बुधवार देर रात को खराबी आ गई थी. इसके कारण आधी रांची में देर रात ब्लैक आउट की स्थिति हो गई थी. रात 12 बजे से गुरुवार सुबह चार बजे तक आधी रांची में बिजली नहीं रही. अचानक बिजली गुल हो जाने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए. पूरी रात बिजली नहीं रहने से लोगों ने रतजगा कर समय गुजारा. रांची के बड़े इलाके में अंधेरा पसरा रहा. देर रात तक मरम्मत कार्य चला और सुबह बिजली बहाल हो पाई. पूरी रात गर्मी व बिन बिजली के जगने के कारण दूसरे दिन लोगों का दैनिक कार्य प्रभावित रहा और बिजली विभाग को खूब कोसे.

**प्रभावित क्षेत्र :** मोरहाबादी, अशोक नगर, लालपुर, अपर बाजार, नामकुम, पाहन टोली, महुआ टोली, गोरु टोली, नामकुम बाजार, कोकर, लालपुर, थड़पकना, गाड़ीगांव, हरमू रोड, पुरानी रांची, मणिटोला, हिनू, दीपाटोली, चुटिया, बहुबाजार सहित अन्य इलाके.

**डोरंडा मणिटोला गोलीकांड**

## झामुमो नेता आजम अहमद सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता । रांची**

- हथियार के साथ भारी मात्रा में गोली भी बरामद, अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी

शहर के डोरंडा थाना क्षेत्र के मणिटोला में बुधवार की शाम ताबड़तोड़ फायरिंग मामले में पुलिस ने झामुमो नेता आजम अहमद सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार और भारी मात्रा में गोली बरामद किया है. गौरतलब है कि डोरंडा थाना क्षेत्र के मणिटोला स्थित सरकारी कुआं के पास बीती शाम जमीन विवाद को लेकर वर्चस्व की लड़ाई में ताबड़तोड़ गोलीबारी की गयी थी. हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था. गोलीकांड के बाद एसएससी चंदन सिन्हा के निर्देश पर मामले की जांच और गोलीबारी में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था. टीम ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर गोलीकांड में झामुमो नेता आजम अहमद सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया.

**20 डिसमिल जमीन को लेकर दो गुटों में चल रहा विवाद :** घटना के संबंध में बताया जाता है कि जावेद और अली गुट के बीच पिछले कई सालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है. मणिटोला की 20 डिसमिल जमीन को लेकर दोनों गुटों के लोग दावा करते रहे हैं कि जमीन उनकी है. इसी जमीन विवाद के कारण गोलीकांड की घटना को अंजाम दिया गया है. मौके पर मौजूद लोगों का आरोप था कि मो. अली ने ताबड़ोड़ गोलीबारी की है, जिसे रांची पुलिस ने जिला बदर किया है. इसके अलावा आरिफ, शहबाज और अन्य लोगों पर गोली चलाने का आरोप लगा है. पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल कर गोलीबारी करनेवालों के खिलाफ पुख्ता सबूत इकट्ठा कर लिया है. पुलिस का दावा है कि कुछ दिन पहले इसी गुट के बीच डोरंडा थाना क्षेत्र के मिस्त्री मोहल्ला में भी विवाद हुआ था. उस दिन भी ताबड़तोड़ गोलीबारी कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी गयी थी. इस घटना में एक बच्चे के पैर में गोली लगी थी, जिसे सदर अस्पताल के बाद रिम्स में भर्ती कराया गया था.

## ब्रीफ खबरें

### नागवंत की जमानत पर सुनवाई 3 जुलाई को

**रांची।** पीएमएलए के विशेष जज पीके शर्मा की कोर्ट में 1.08 करोड़ के अलकतरा घोटाले की राशि की मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित मेसर्स नागराज कंस्ट्रक्शन के संचालक नागवंत पांडे की जमानत पर सुनवाई हुई. गुरुवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा. मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई तीन जुलाई को तय की है. इससे पहले नागवंत पांडे ने शनिवार को कोर्ट में सरेंडर किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया गया था.

### प्रदीप के शपथ लेने पर पार्टी ने दी बधाई

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को देश के उच्च सदन राज्यसभा में शपथ ग्रहण किया. प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारियों ने डॉ वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ वर्मा सदन ने झारखंड की आवाज बनेंगे.

### हेमंत व अन्य की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी

**रांची।** लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत अन्य आरोपियों की पीएमएलए की कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी हुई. पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है. अब सभी की अगली पेशी 11 जुलाई को होगी. गुरुवार को हेमंत के अलावा भानु प्रसाद, अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, शेखर कुशवाह, मो इरशाद, तापस घोष और संजीत कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के समक्ष पेश हुए.

### पतंजलि आईएएस अकादमी के निदेशक पर जानलेवा हमला

**रांची।** पतंजलि आईएएस अकादमी के निदेशक पर जानलेवा हमला



हुआ. संचालक संजय तिवारी ने लालपुर थानो में केस दर्ज कराया है. तिवारी ने अपने संस्थान में शिक्षक नवनीत निरंजन पर हमले का आरोप लगाया है. दर्ज केस में कहा कि घटना 26 जून की रात की है. उन्होंने बताया कि नवनीत ने नशे में हाथापाई की. साथ ही जान से मारने की धमकी दी. किसी तरह से भागा और थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई. पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### बिरसा सेना अब स्वराज एकता पार्टी से चुनाव लड़ेगी

**रांची।** झारखंड बिरसा सेना अब स्वराज एकता पार्टी के नाम से जानी जाएगी और आगामी विधान सभा चुनाव में 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. यह जानकारी गुरुवार को प्रेस क्लब में पार्टी के अध्यक्ष रवि कुमार ने मीडिया को दी. उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की आपत्ति के बाद संगठन को अपना नाम बदलना पड़ा. रवि कुमार ने कहा है कि स्वराज एकता पार्टी ने झारखंड के मुद्दों को लेकर चुनावी राजनीति में अपना कदम रखा है. यह पार्टी लोगों की बुनियादी जरूरतों को मुद्दा बना कर चुनाव लड़ेगी.

---

**उपलब्धि: 10 सीसीटीवी कैमरों के 2200 फुटेज, 519 वाहनों की जांच का निकला नतीजा**

# पांच घंटे में ओरमांझी पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को धर दबोचा

**संवाददाता। रांची**

राजधानी में ओरमांझी में चलती कार में दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने महज पांच घंटे में ही 2200 सीसीटीवी फुटेज और 519 वाहनों की जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार दोनों आरोपी सुबोध कुमार जायसवाल और हीरालाल महतो ओरमांझी के ही रहनेवाले हैं.

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा.

**2200 सीसीटीवी फुटेज व 519 वाहनों की हुई जांच :** चलती कार में दुष्कर्म की वारदात बीआईटी मेसरा और ओरमांझी थाना के बीच हुई थी. एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने पांच घंटे के अंदर सबसे पहले पीड़ित लड़की के परिवारवालों का पता लगाया. इसके लिए दोनों थाना क्षेत्र के लगभग 100 सीसीटीवी कैमरा के 2200 फुटेज की जांच की गई. पुलिस को प्रारंभिक सूचना मिली कि घटना को अंजाम बोलेरो गाड़ी में दिया गया है. इसके बाद 150 बोलेरो गाडियों की जांच की गयी. लेकिन सीसीटीवी फुटेज से मिले साक्ष्य के आधार पर स्पष्ट हुआ कि नाबालिग बच्ची का अपहरण कॉमर्शियल पीली नंबर प्लेट की स्विफ्ट डिजायर कार से किया गया है.

**1300 कॉमर्शियल स्विफ्ट डिजायर कार की भी जांच :** स्विफ्ट डिजायर कार से अपहरण री सूचना मिलने पर सिटी एसपी ने डीटीओ रांची से सभी कॉमर्शियल स्विफ्ट डिजायर कार की लिस्ट मांगी. लगभग 1300 स्विफ्ट डिजायर कार की लिस्ट उपलब्ध करायी गयी. इन 1300 गाडियों में से लगभग 107 कॉमर्शियल स्विफ्ट डिजायर कार की जांच की गयी. इसके अलावा 412 गाड़ियों की जांच सिटी कंट्रोल रूम और स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम से की गई. इसके बाद सामूहिक दुष्कर्म में उपयोग की गयी कार की तलाश कर मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.



दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसएसपी चंदन सिन्हा व अन्य.

**पहले चलती कार, फिर आनंदी बगीचा ले जाकर ज्यादती की**

बीते 18 जून की देर रात लड़की ओरमांझी के पंचायत सचिवालय के पास दिब्यांग नाबालिग बच्ची सोई हुई थी. इसी दौरान कुछ युवक कार से लड़की के पास पहुंचे और उसे जबरदस्ती कार में बैठा लिया. इसके बाद नाबालिग से पहले चलती कार में ज्यादती की, फिर आनंदी बगीचा ले जाकर सभी ने दुष्कर्म किया. वारदात को अंजाम देने के बाद कार में सवार अपराधी आनंदी बगीचा के पास सड़क पर नाबालिग को फेंक कर फरार हो गए थे. लड़की ओरमांझी इलाके में अपनी मां के साथ छोटे-मोटे काम कर और कभी-कभी भीख मांग कर गुजरा किया करती थी.

---

**मुख्यमंत्री ने हर घर नल योजना को समय पर पूरा करने का दिया निर्देश**

# भविष्य के पेयजल संकट को देखते हुए विशेष कार्ययोजना बनाएं अफसर : सीएम

- **12 हजार** के खर्च में शौचालय बनेगा या नहीं इसकी समीक्षा होनी चाहिए
- **पहाड़ से** गिरने वाले झरनों को चिन्हित कर जलापूर्ति योजना तैयार की जाए
- **मुख्यमंत्री ने** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**विशेष संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि पेयजल लोगों की जीवन का सबसे अहम चीज है. इसके बिना जीवन चलना नहीं है, इसलिए विभागीय अफसर भविष्य में पेयजल संकट से बचने के लिए विशेष कार्य योजना बनाएं. यह निर्देश सीएम ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत नए नलकूपों की कार्य प्रगति में तेजी लाएं. खराब पड़े नलकूपों की मरम्मत का कार्य भी अवश्य कराएं. मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए.

**जल जीवन मिशन की हर योजना को समय पर पूर्ण करके घरों तक पानी पहुंचाएं :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) ग्रामीण के अंतर्गत छोटी-बड़ी जितनी भी योजनाएं ली गई हैं, उन योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत अवश्य पूरा करें. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि वैसे सभी घर जहां नल से जल पहुंचाया गया है, समीक्षा करें कि योजना के तहत लगाए गए नलों में जल की उपलब्धता है या नहीं. मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत आच्छादित सभी घरों में अनिवार्य रूप से पानी पहुंचे यह सुनिश्चित की जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने की एक महत्वपूर्ण योजना है. मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित सभी जलापूर्ति परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा कर राज्य में सुलभ पेयजल उपलब्धता तथा कनेक्शन कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव बेहतर तरीके से हो इस निमित्त विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करें.



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की.

**सरायकेला-खरसांवा जलापूर्ति योजनाओं में लापरवाही हुई है, अफसर कारवाई करें**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ तथा डूडरा कमलपुर में विश्व बैंक संपोषित जलापूर्ति योजना 2023 में ली गई थी .परंतु एजेंसी की लापरवाही की वजह से यह योजना पूरी नहीं हो सकी, जिस एजेंसी द्वारा लापरवाही बरती गई है, विभाग उस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा नई स्वीकृति कराकर इस जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराया जाए.

### पानी की जांच करा कर ही ग्रामीणों को जलस्रोतों से पीने का पानी उपलब्ध कराएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विगत दिनों विभिन्न माध्यमों से ऐसी खबरें मिली रही हैं कि राज्य के कुछ जिलों में चूंआ, तालाब, कुआं आदि जल स्रोतों से ग्रामीण पीने का पानी ला रहे हैं. जिन-जिन क्षेत्रों में ऐसी खबरें मिल रही है वहां जांच कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें. पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें विभाग को मिल रही हैं उसका निराकरण हर हाल में करें. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसी सभी बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं जिसे माह सितम्बर-अक्टूबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, उन सभी योजनाओं को माह जुलाई-अगस्त 2024 तक हर हाल में पूरा करें. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर कुछ ऐसे पहाड़ हैं जहां से झरना गिरता है उन जगहों पर भी जलापूर्ति योजनाएं ली जा सकती हैं. ऐसे पहाड़ों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाएं.

### शौचालय योजना को अबुआ आवास से जोड़ें, इसके लिए मिलने वाली 12 हजार राशि की समीक्षा करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बनाए जा रहे शौचालय निर्माण योजना को अबुआ आवास योजना से जोड़ें. स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए मात्र 12 हजार राशि दी जाती है,इसकी भी समीक्षा करें कि इतनी राशि में गुणवत्तापूर्ण शौचालय बनाया जा सकता है या नही. सरकार अबुआ आवास के लाभुकों को एक बेहतर शौचालय देने के लिए प्रतिबद्ध है जो लम्बे समय तक उपयोग में लाया जा सके. गोबरधन अंतर्गत निर्मित गोबरगैस प्लांट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें. बैठक मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय सचिव राजेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अभियंता प्रमुख ब्रजनंदन कुमार, मुख्य अभियंता, मुख्यालय शिशिर कुमार सोरेन आदि उपस्थित थे.

---

## नियुक्ति की घोषणा चंपाई सरकार की सोची समझी साजिश: मरांडी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



- विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश को दबाना चाहती है राज्य की चंपाई सोरेन सरकार
- नियुक्ति वर्ष का हाल देख चुके हैं राज्य के बेरोजगार युवा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य के युवा, बेरोजगार इस सरकार की नीति और नीयत को समझ चुके हैं. 5 लाख प्रतिवर्ष नियुक्ति, बेरोजगारी भत्ता का झांसा देकर सत्ता में आई राज्य सरकार ने बार-बार युवाओं को ठगा है. ये वही सरकार है जिसने अपने पहले पार्ट में नियुक्ति वर्ष की घोषणा करके युवाओं को निराश किया है.जेएसएससी द्वारा जारी चुनावी परीक्षा कैलेंडर में दो-तीन माह बाद की संभावित परीक्षा तिथि घोषित करना चंपाई सोरेन सरकार की एक सोची समझी साजिश है.

ये भ्रष्ट-निकम्मी सरकार विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश को दबाकर उन्हें गुमराह करना चाहती है. यदि सरकार की नीयत साफ़ होती तो जेएसएससी, सीजीएल की परीक्षा 15 दिनों के अंदर सम्पन्न करा ली जाती. छात्रों के विरोध के बावजूद जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए सरकार ने मात्र 14 दिनों का ही समय दिया था.

**सुनियोजित साजिश की गई है :** झारखंड सरकार के अधीन दो आयोगों द्वारा जानबूझ कर कभी जल्दीबाजी, तो कभी विलंब करना इनके सुनियोजित साजिश को दर्शाता है. युवा साथियों से कहा कि जेएमएम कांग्रेस सरकार की इस चुनावी परीक्षा कैलेंडर के झांसे में नहीं आएं.

यदि सरकार युवाओं को नौकरी देने के प्रति सजग है, तो हर हाल में जुलाई माह में जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा सम्पन्न करा नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करे. अन्यथा, युवाओं का कीमती समय बर्बाद कर उनके करियर के साथ खिलवाड़ करना बंद करे.

## झारखंडअल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने योजनाओं की समीक्षा की

**संवाददाता। रांची**



झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने रांची जिला में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की. समाहरणालय में आयोजित बैठक में कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग समेत सभी विभाग के प्रतिनिधि मौजूद थे. बैठक में जिले में चलायी जा रही योजनाओं में अल्पसंख्यकों को कितना लाभ मिल रहा है, कितने स्कूल संचालित हैं, ये सारी जानकारी ली गई. अध्यक्ष खान ने बताया कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग में कोई भी मामले नहीं बचा है. सभी मामलों को तय समय पर सलटा दिया गया है. उन्होंने बताया अभी सभी जिलों में अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की जाएगी.

---

## विधानसभा चुनाव की कार्ययोजना पर बनी कांग्रेस की रणनीति: गुंजन

**संवाददाता। रांची**

- प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में गुरुवार को पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा हुई और विधानसभा चुनाव की कार्ययोजना पर रणनीति बनी. साथ ही संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई.

बैठक में गुंजन सिंह ने पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षा अनुरूप नहीं रहा. और बेहतर करने की जरूरत थी. अब विधानसभा चुनाव बहुत ही करीब आ गया है. आप लोगों को संगठन की जो भी जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरा करने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ अपने-अपने जिले और क्षेत्र में जुट जाएं. प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में संपन्न बैठक में मिली एक्शन प्लान की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी अगस्त माह में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत होगी.

इसमें महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे. प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्षों का तीन दिनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की जाएगी. गुंजन ने कहा कि सभी जिलों में नारी न्याय सम्मेलन एवं जिला स्तर से लेकर बूथ तक पदयात्रा होगी. पार्टी मैनिफेस्टो को जन-जन तक पहुंचाना है. साथ ही महिलाओं की स्वास्थ्य के लिए हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा. इसके अलावा पेपर लीक मामले और महिला आरक्षण पर सांसद घेराव कार्यक्रम होगा.

बढ़ती महंगाई, टोलटैक्स, भारतीय रुपए में गिरावट, मुहल्ला पदयात्रा एवं मेरा बूथ मेरी जिम्मेवारी पर विशेष रूप से महिला कांग्रेस कार्यक्रम चलाएगा. बैठक में प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, संगीता टोप्पो, प्रीति सहाय, पुनीता चौधरी, सुन्दरी तिर्की, अनीता सिन्हा, शांति बाला केरकेटा, वर्षा, अमृता भगत, सीता राणा, अजन्ता सामद, दिव्या मिंज, ग्रेसी मिंज, नीतू देवी, हेमन्ती जायसवाल, रूबी खातून, नमिता बा, मनिषा तिर्की, प्रभा तिग्गा सहित अन्य मौजूद रहीं.

### रांची के सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक हुई

**रांची।** समाहरणालय भवन में गुरुवार को लोकसभा चुनाव के सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक हुई. बैठक का उद्देश्य सभी प्रतिनिधियों को इस चुनाव में हुए व्यय का अंतिम लेखा तैयार करने हेतु सभी प्रपत्रों से अवगत कराना था. बैठक में प्रभारी पदाधिकारी सज्जन पांडेय ने प्रत्याशियों को विहित प्रपत्र उपलब्ध कराया. साथ ही इसे भराकर देने को कहा गया. राज्य कर पदाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी.

बता दें कि 3 जुलाई को अंतिम लेखा जांच की तिथि निर्धारित है. जिसमें सभी प्रत्याशियों के पूर्ण व्यय की जांच एवं जिला प्रशासन के पास उपलब्ध व्यय संबंधी आंकड़ों से मिलान किया जाएगा. साथ ही प्रत्याशियों का रजिस्टर मूल रूप में ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा. जिसे ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन को भेजा जाएगा.

## आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रखंड कार्यालयों पर धावा

**संवाददाता। रांची**

राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरेध में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम दूसरे दिन भी चला. हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन पार्टी पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ सम्बंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा.

**इन प्रखंडों में हुआ हल्ला बोल कार्यक्रम :** हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन बोकारो जिला के चास प्रखंड, लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड, गढ़वा जिला के रंका प्रखंड, सिमडेगा जिला के बोलबा प्रखंड, देवघर जिला के सारवां प्रखंड, साहिबगंज के सदर प्रखंड, गुमला जिला के सदर प्रखंड, जामताड़ा जिला के फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया. शुक्रवार को भी पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन होगा.




प्रखंड कार्यालयों में हल्ला बोल करते आजसू पार्टी के कार्यकर्ता.

---

**आंदोलन** | **600 कर्मचारियों-पदाधिकारियों को नहीं मिल रही किसी तरह की सुविधा**

# आवास कर्मी संघ अपनी मांगों को लेकर सीएम से मिला

**मुख्य संवाददाता। रांची**

राज्य आवास कर्मी संघ के आह्वान पर 24 जिलों के आवास योजना में काम करने वाले कर्मी आपनी 6 सूत्री मांगो को लेकर गुरुवार को रांची पहुंचे. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत इन कर्मियों की नियुक्ति जिला एवं प्रखंडस्तर पर संविदा पर की गई थी. आवास योजना में कुल 600 पदाधिकारी / कर्मियों को नियुक्त हुई थी. वर्तमान में इन कर्मियों के जिम्मे अबुआ आवास योजना का काम-काज भी दे दिया गया है. इनकी नियुक्तियों को ग्रामीण विकास विभाग ने प्रशासी पदवर्ग समिति से स्वीकृत नहीं कराया गया है. जिस कारण संविदा कर्मियों को मिलने वाले लाभ से भी इन्हें वंचित होना पड़ रहा है. अपनी मांगो को लेकर आवास कर्मी गुरुवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को मांग पत्र सौंपने मोरहाबादी स्थित सीएम आवास के समक्ष एकत्र हुए. उन्हें शाम को सीएम से मिलने का समय मिला.



राज्य आवास कर्मी संघ के कर्मचारी सीएम आवास के बाहर.

**क्या है आवास कर्मियों की मांग**

- कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय राज्य में 34,000 है जबकि आवास योजना में कार्यरत प्रखंड कंप्यूटर ऑपरेटर को मात्र 12000 मानदेय दिया जाता है. इसमें समानता हो.
- **आवास कर्मियों को भी 7वें वेतन मान के अनुरूप सम्मानजनक मानदेय दिया जाए .**
- आवास कर्मियों को चयन नियमावली में अपीलीय प्राधिकार उपबंधित किया जाए.
- **आवास कर्मियों का स्वास्थ्य बीमा, आवास भत्ता एवं अन्य अनुमान्य भत्ता का लाभ दिया जाए.**
- कर्तव्य निर्वहन के दौरान अगर किसी की मृत्यु होती है, तो उसके बदले उसके परिवार के किसी व्यक्ति को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए.

### पटना में नीतीश से मिले सरयू राय

रांची। राज्य में विधानसभा चुनाव होने में भले ही अभी चार माह शेष है, लेकिन दांव-पेंच शुरू हो गया है. इस कड़ी में बिहार के सीएम नीतीश कुमार और विधायक सरयू राय की मुलाकात से राजनीतिक गलियारे में सुगबुगाहट बढ़ गई है. पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात में राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा हुई. इस दौरान नीतीश ने इच्छा प्रकट की कि सरयू राय जदयू में शामिल हो जाएं. दोनों नेताओं के बीच छात्र जीवन से ही गहरी दोस्ती है. इस संबंध में सरयू राय ने कहा कि वे पुराने साथी हैं और दोनों के बीच मुलाकात होती रहती है. इस मुलाकात को भी उसी लिहाज से देखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि नीतीश चाहते हैं कि वे उनके साथ आ जाएं. इसमें कोई अस्वाभाविक बात नहीं है. राजनीति में कुछ भी संभव है.

## सुदेश केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले राज्य के राजनीतिक हालात पर हुई चर्चा



**रांची।** आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने गुरुवार को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान राज्य के राजनीतिक हालात सहित अन्य मुद्दों पर गृहमंत्री से चर्चा की. आने वाले विस चुनाव को देखते हुए इस मुलाकात को झारखंड के लिए अहम माना जा रहा है. सुदेश महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी देश में विकास के नये आयाम स्थापित करेगी. आजसू लंबे समय से भाजपा की साथी रही है.हालांकि, 2019 के विस चुनाव में आजसू ने भाजपा से किनारा कर लिया था. जिसका खामियाजा दोनों को उठाना पड़ा था. भाजपा भी एनडीए के घटक दलों को अलग होने नहीं देना चाहती है. 90 के दशक में जब अटल के दौर में भाजपा आगे बढ़ रही थी, तब से आजसू पार्टी भाजपा के साथ थी. अलग झारखंड राज्य के मुद्दे पर भाजपा और आजसू साथ आयी थी.

## ब्रीफ खबरें

### कस्तूरबा विद्यालय में होगा 948 छात्राओं का नामांकन

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार गुरुवार को समाहरणालय में रांची जिला के 13 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और पांच झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 के नामांकन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई. प्रखंड स्तरीय समिति ने विस्तृत चर्चा के उपरांत कक्षा 6 के नामांकन हेतु कस्तूरबा विद्यालय के 948 एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में 250 छात्राओं के नामांकन की स्वीकृति प्रदान की गई. जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची द्वारा नामांकन का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया. जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची ने जिला स्तर से सभी कार्यक्रम को गति प्रदान करने का निर्देश दिया.

### माहेश्वरी भवन रांची में प्री मॉनसून मेला का आगाज

**रांची।** सेवा सदन पथ में स्थित माहेश्वरी भवन में गुरुवार से प्री मॉनसून मेला का आगाज हुआ. माहेश्वरी महिला समिति के तत्वाधान में आयोजित मेले का उद्देश्य देश के विभिन्न शहर के महिला उद्यमियों को मंच प्रदान करना है. मेले में लगभग 40 स्टॉल लगाए गए है. जिसमें विभीन्न हैंडमेड उत्पादों की बिक्री की जा रही है. तीन दिवसीय इस मेले में गोल्ड डायमंड के गहने, साड़ी, लहंगा, कुर्ती, गाउन, हैंड मेड ज्वेलरी, राखी, क्रॉकरी, केक और लजीज व्यजनों के स्टाल्स लगे हैं. वहीं इस मेले में आगंतुकों के लिए 10 रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है.

### लिटिल एंजेल गोवा रेड, नगड़ी और जेएसएसपीएस की जीत

**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित प्रथम स्व. अमिताभ चौधरी रांची महिला फुटबॉल लीग में लिटिल एंजेल गोवा रेड, जेएसएसपीएस व नगड़ी की टीम ने जीत दर्ज की. खेलगांव के प्रैक्टिस ग्राउंड में शसक्त क्लब व ब्लू पैंथर का मुकाबला गोल रहित पर खत्म हुआ. दूसरे मैच में लिटिल एंजेल गोवा रेड ने रांची रेकर्स को 2-0 से पराजित किया. 23वें व 30वें मिनट में लक्ष्मी कुमारी ने दो शानदार गोलकर टीम को जीत दिला दी. वहीं, स्टेडियम ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में जेएसएसपीएस ने युवा क्लब को आसानी से 3-0 से हराया.

### कल्पना से मिले दिव्यांग थ्रो बॉल टीम के खिलाड़ी

**रांची।** गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने थाईलैंड से जीतकर आये भारतीय पारा थ्रो बॉल टीम (दिव्यांगजन) खिलाड़ियों से मुलाकात की. गुरुवार को भारतीय पारा थ्रो बॉल 24 सदस्यीय टीम में झारखंड से पांच महिला और चार पुरुष खिलाड़ी शामिल थे. कल्पना ने सभी खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए जीत की शुभकामनाएं दीं. खिलाड़ियों ने विधायक को बताया कि लगातार पांच प्रतियोगिताओं में विजेता बनकर टीम लौटी है. इससे पहले सभी खिलाड़ियों ने नेपाल, भूटान, मलेशिया एवं थाईलैंड से स्वर्ण पदक प्राप्त किया है. कल्पना से मिलनेवाले खिलाड़ियों में सनोज महतो, मुकेश कंचन, मुकेश कुमार, महावीर बिन असुंता टोप्पो, पुष्पा मिंज, संजुक्ता एक्का, तारामणि लकड़ा, महिमा उरांव के साथ पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष पतरस तिर्की शामिल थे. इधर कल्पना सोरेन से कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भी शिष्टाचार मुलाकात की. वहीं राज्य के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं ने भी मुलाकात की.

झारखंड के युवाओं के लिए सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

# रांची में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सेना भर्ती रैली

संवाददाता।रांची

झारखंड राज्य के लिए (2024-25) सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजित है. इस सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग रांची कर्नल विकास भोला एवं भर्ती से सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

**सेना भर्ती रैली स्थल में होने वाली तैयारियों को लेकर चर्चा :** बैठक के दौरान रांची में आयोजित होनेवाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है. रांची जिले के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती हो कर अपना भविष्य बनायें.



बैठक में भाग ले रहे सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक एवं सैन्य अधिकारी.

### सेना भर्ती के दौरान दलालों से दूर रहने की सलाह

एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सेना में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे शोषण करने वाले दलालों से दूर रहें. उन्होंने उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा कि सेना भर्ती पारदर्शी होती है. जो भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अहर्ता पूरी नही करता, उनका भर्ती किसी भी हालत में नहीं हो सकती. इसलिए सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहें. उनके किसी भी झांसे में नहीं आयें.

### ये है हमारी प्राथमिकता

- कर्नल विकास भोला ने कहा कि रैली में जो युवा भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा सहित अन्य सभी सुविधाएं रैली स्थल पर मुहैया कराई जायेगी.
- रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा की जायेगी.
- रैली स्थल ग्राउंड में सीजीआई शीट होगी.
- बैरिकेडेड क्षेत्र होगा, रैली का रन एरिया 1.6 किमी का होगा.
- विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन चाक चौबंद होगा.
- रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम तैनात रहेगी. भर्ती रैली के दिनों में सुबह चार बजे से टीम उपलब्ध रहेगी.
- एसडीओ एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) ने जानकारी दी कि सारी व्यवस्था जिला प्रशासन की तरफ से उपलब्ध करा दी जायेगी.

जगन्नाथपुर थाने में पूरी की गयी मेले की टेंडर की प्रक्रिया

# 1.92 करोड़ में जगन्नाथपुर मेले की बंदोबस्ती की गई

शुभम किशोर ।रांची

रांची में हर साल लगने वाले जगन्नाथ मेला के टेंडर की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हुई. पटना के फर्म आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग ने एक करोड़ 92 लाख की सबसे ऊंची बोली लगाकर मेले की बंदोबस्ती अपने नाम कराई. जगन्नाथपुर थाने में रांची एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक की मौजूदगी में टेंडर खोला गया. मौके पर भगवान जगन्नाथ मंदिर न्यास समिति के अधिकारी और टेंडर डालने वाले लोग मौजूद थे.

**11 लोगों ने डाला था टेंडर :** इस वर्ष सात जुलाई से रांची के धुर्वा में ऐतिहासिक जगन्नाथ मेला लगने वाला है. मंदिर के आस-पास 41.27 एकड़ भूमि पर मेले के लिए पिछले साल की तरह इस साल भी मेले का टेंडर जारी किया गया, जिसमें 11 लोगों ने टेंडर भरा.

तीन लोगों का टेंडर टेक्निकल बीड में सही नहीं होने के कारण उसे रद्द कर दिया गया. बाकी बचे आठ टेंडर में आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग की एक करोड़ 92 लाख की सबसे ऊंची फाइनेंशियल बिड थी, जिससे इस साल का टेंडर उन्हें मिला. बता दें इस साल मेला का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपये से शुरू थी. वहीं पिछले साल आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख की सबसे ऊंची बोली लगाकर टेंडर अपने नाम किया था.

जिस कंपनी को टेंडर मिला है, उसके प्रोपराइटर विकास कुमार ने बताया कि वे भगवान विष्णु के बड़े भक्त हैं. उन्होंने ये पैसे भगवान को डोनेट किया है. बाकी मेले के बारे में बताया कि छोटे दुकानदारों से तय राशि ही ली जाएगी. छोटे दुकानदारों से अवैध वसूली रोकने का प्रयास किया जाएगा. इस साल 3500 से ज्यादा दुकानें लगने का अनुमान है. साथ ही कई झूले पहली बार इस मेले में दिखेंगे. उन्होंने कहा कि वे मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे.



जगन्नाथपुर थाने में मेले की टेंडर प्रक्रिया में भाग ले रहे अधिकारी एवं टेंडर डालनेवाले लोग.

### किस कंपनी ने कितनी बोली लगाई (करोड़ में)

- जय मां दुर्गेश्वरी इंटरटेनमेंट - 1.62
- जय जगरनाथ इंटरप्राइजेज - 1.31
- आर एस इंटरप्राइजेज - 1.62
- ऋषिकांत फैंटेसी पार्क फन फेयर बिहार शरीफ - 1.77
- न्यू झारखंड डिजनीलैंड मेला - 1.35
- मोहम्मद शमीम खान - 1.11
- आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग पटना - 1.92
- आरके कंस्ट्रक्शन - 1.45

### व्यापारियों के टेक्निकल प्रशिक्षण के लिए होगा कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** व्यापारियों को व्यवसाय में काम आनेवाले सॉफ्टवेयर का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की आईटी उप समिति की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा. चैंबर भवन में गुरुवार को आयोजित झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की आईटी उप समिति की बैठक में कार्यशाला की रूप रेखा तय की गयी. चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न उक्त बैठक में आईटी उप समिति मनोज कुमार मिश्रा द्वारा बिजनेस बैंकिंग, इंटीग्रेटेड बैंकिंग एवं कनेक्टेड बैंकिंग के लिए उठाए गए मुद्दों पर एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड ने अपना पक्ष रखा और जल्द ही इसकी सुविधा सारे व्यापारियों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. बैठक में झारखंड चैम्बर की सोशल मीडिया हैंडल्स के प्रचार-प्रसार बढाने की रणनीति बनाई गयी. रिलायंस जियो के सीईओ शुभ्रो चटर्जी के चैम्बर आगमन पर आईटी चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा द्वारा उठाये गए कुछ बिन्दुओं पर चर्चा के लिए उनके एंटरप्राइज हेड उप समिति की बैठक के दौरान आये एवं उन्होंने अपनी बातों को उप समिति के सामने रखा. बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, उप समिति चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमश आलम, सदस्य मुकेश पाण्डेय, विजय शंकर, राजीव प्रकाश चौधरी, मुकेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### भक्तों से विदा ले वृंदावन धाम लौटे अनिरुद्धाचार्य



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश मंदिर रांची से विदाई के क्षण स्वामी अनिरुद्धाचार्य.

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश मंदिर के सत्रहवें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव में भाग लेने खास तौर से आये स्वामी अनिरुद्धाचार्य गुरुवार को वृंदावन धाम लौट गये. गोविन्द दास और उनके सेवक भी साथ रवाना हुए. जाने से पूर्व स्वामी जी ने कांचीपुरम से आये श्रीवत्स भट्टर, कन्न भट्टर, सहयोगी आचार्य-परिचारक, पालकी वाहकों और नाद- स्वर पार्टी के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर विदा किया. साथ ही अनुयायियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि निष्काम कर्म से ही मोक्ष मिल सकता है. शास्त्रों में अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति में कर्म को ही प्रधान कारण स्वीकार किया है.

### महंत अमर दास नागा बाबा की मनी पुण्यतिथि



महंत अमर दास नागा बाबा की पुण्यतिथि पर गीता पाठ करते महंत छोटू राम.

**रांची।** महंत अमर दास नागा बाबा की 19वीं पुण्य तिथि गुरुवार को श्रद्धाभाव से मनायी गयी. दिन के नौ बजे गीता पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इसके बाद यज्ञादि अनुष्ठान हुए. साथ ही भजन-संकीर्तन और शबद गायन के बीच अनुयायियों ने सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. दोपहर बाद भंडारा प्रारंभ हुआ, जो रात नौ बजे तक चला. बड़ी संख्या में अनुयायियों ने स्वादिष्ट व्यंजन प्रसाद रूप में ग्रहण किया. महंत छोटू राम ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालो का आभार जताया.

### गायत्री महामंत्र का जाप कर अर्पित की श्रद्धा



साप्ताहिक सत्संग में भाग लेतीं श्रद्धालु महिलाएं.

**रांची।** गायत्री शक्ति पीठ, धुर्वा में गुरुवार को साप्ताहिक सत्संग हुआ. इसमें महिला प्रतिनिधियों ने अखंड गायत्री महामंत्र का जाप कर ईश्वर और सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. प्रज्ञागीत गायन-वादन के साथ भक्ति में घंटों रमे रहे. गायत्री साधना के बारे में भी साधकों को विस्तार से जानकारी दी गयी. वरिष्ठ साधक जय नारायण प्रसाद ने बताया कि प्रातःकाल, संध्याकाल, मध्यम संध्याकाल और कनिष्ठ संध्याकाल की साधना फलदायी होती है. उन्होंने बताया कि महर्षि विश्वामित्र की दिव्य दृष्टि के अनुसार गायत्री की विशिष्ट साधना से कलियुग का समापन और सतयुग का आगमन होगा. अंत में सबकी सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ सत्संग संपन्न हुआ.

### चयन ट्रायल में सैंकड़ो बच्चों ने कराया रजिस्ट्रेशन



चयन ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे बच्चे.

**रांची।** झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एकलव्य केंद्रों) के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है. इसके लिए गुरुवार को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में की गई. जिसमें 300 से अधिक बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया. खेल विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि शुक्रवार को भी बच्चे रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे. रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला एवं लोहरदगा जिले में स्वीकृत नए केंद्रों के लिए 28 - 29 जून तक चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इसमें बैडमिंटन, फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, एथलेटिक्स के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा. भाग लेने वाले प्रतिभागी को आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति देना अनिवार्य है. चयन मानक के आधार पर बैटरी एवं स्कील टेस्ट पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जाएगा.

### कंप्यूटर ऑर्गेनाइजेशन और आर्किटेक्चर पुस्तक का विमोचन



पुस्तक का लोकार्पण करते कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य व अन्य

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के आईटी विभाग में शिक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार महतो द्वारा लिखित पुस्तक 'कंप्यूटर आर्गेनाइजेशन और आर्किटेक्चर' का विमोचन किया गया. पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने किया. उन्होंने इस पुस्तक को एक बेहतर संदर्भ ग्रंथ, पठनीय, रोचक और नवीन तकनीकों से युक्त बताया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में एक व्यापक पुस्तकालय के निर्माण की योजना है जहां अन्य पुस्तकों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी संग्रह होगा. पुस्तक के लेखक डॉ. राजेंद्र कुमार महतो ने कहा कि यह पुस्तक नयी शिक्षा नीति-2020 के तहत लिखी गयी है, जो सभी के लिए उपयोगी है. मौके पर कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष गुप्ता, एफओ आनंद मिश्रा, डॉ. एस एन सिंह, डॉ. अनुपम कुमार, डॉ. आईन साहू, डॉ. जाफर अब्बास आदि मौजूद थे.

## चर्च की ओर से प्रायोजित हैं सरना धर्मगुरु : जनजाति सुरक्षा मंच



बैठक में भाग लेते जनजाति सुरक्षा मंच के पदाधिकारी और सदस्य.

संवाददाता।रांची

धुर्वा सेक्टर सरना स्थल पर गुरुवार को जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए जनजातीय सुरक्षा मंच के प्रवक्ता मेघा उरांव ने कहा कि अपने पूर्वजों का अस्तित्व नकारने वाला आदिवासी नहीं हो सकता है. मूल परंपरा, रूढ़ि प्रथा, पूजा पद्धति और सफेद झंडा आदिवासियों का पहचान है, जो पूर्वजों की देन है. जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं. ये चर्च पोषित संगठन के लोग हैं और ये क्रिप्टो क्रिश्चियन हैं. ये चर्च प्रायोजित सरना धर्मगुरु हैं. जहां-जहां सरना प्रार्थना सभा का प्रभाव है, वहां वहां लाल सफेद रंग का झंडा स्थापित है और जहां प्रभाव नहीं है, वहां केवल सफेद झंडा ही मिलता है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने आस्था के प्रतीक झंडे को अपमानित वाला शब्द नहीं कहा है. मौके पर क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, प्रांत के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव, प्रांत सह संयोजक हिंदवा उरांव, रवि प्रकाश उरांव, साजन मुंडा, राजू उरांव, विकास उरांव, बंधना मुंडा समेत अन्य मौजूद थे.

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने फूंका गणेश भगत का पुतला

बसंत मुंडा।रांची

राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा से जुड़े सैकड़ों लोगों ने गुरुवार को अलबर्ट एक्का चौक पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत का पुतला फूका. इससे पहले सरना धर्मावलंबी ने जयपाल सिंह मुंडा मैदान के सामने एकत्र हुए. फिर पैदल मार्च करते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे, जहां पुतला फूंका गया. कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच आदिवासी समाज को जबरदस्ती हिंदू बनाने का प्रयास कर रहा है. आदिवासी को आदिवासी से लड़ाने का षडयंत्र रच रहा है. उन्होंने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक ने सरना झंडा पर विवादास्पद बयान दिया है. अगर नहीं सुधरे तो उनके कार्यक्रम का बहिष्कार किया जाएगा और उन्हें गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा.





गणेश राम भगत का पुतला फूंकते राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के सदस्य.

राजी पड़हा प्रार्थना सभा के अध्यक्ष चंपा कुजूर ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच आदिवासियों का संगठन नहीं है. यह आदिवासियों को खत्म करने वाला संगठन है, जो आदिवासियों को लड़ाने की साजिश का एक हिस्सा है. सरना झंडा को खत्म करने की साजिश की जा रही है, जिसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. राजी पड़हा प्रार्थना सभा के रांची जिला महासचिव तानसेन गाड़ी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेश राम भगत आरएसएस के दलाल हैं. वे आदिवासियो के हित के बारे में कभी नहीं सोचते और हमारे प्रतीक सरना झंडा को खत्म करने में लगे हैं. आदिवासी संस्कृति हिंदू संस्कृति से अलग है, जिसे जनजाति सुरक्षा मंच जोड़ने का प्रयास कर रहा है. राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर के सचिव अर्जुन गाड़ी ने कहा कि गणेश राम भगत सरना धर्मावलंबियों को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं. सरना कभी हिंदू नहीं हो सकता है. मौके पर रांची जिला अध्यक्ष बीरेंद्र उरांव, बिरसा पाहन, जिला महासचिव तानसेन गाड़ी, राष्ट्रीय प्रचारिका रेणु तिर्की, महागनर अध्यक्ष चंपा कुजूर, उपाध्यक्ष पवन टोप्पो, सुधीर उरांव, अर्जुन गाड़ी, अनिता खलखो एवं अन्य शामिल थे.

सावन की तैयारी | पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक में महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा तय

# भव्य और वृहद रूप में मनाया जाएगा श्रावण महोत्सव

संवाददाता।रांची

पहाड़ी मंदिर विकास समिति की गुरुवार को हुई बैठक में श्रावण महोत्सव वृहत और भव्य रूप में मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही इसके सफल आयोजन को लेकर रूप रेखा तय की गयी. समिति के बादल सिंह ने बताया कि 22 जुलाई को सोमवारी के साथ भोले बाबा की भक्ति का पवित्र महीना शुरू हो रहा है. कांवरियों और श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा. इसके मद्देनजर अभी से तैयारी शुरू कर दी गयी है.

उन्होंने बताया कि मंदिर की साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं. कांवरियों के रात्रि विश्राम से लेकर बुजुर्गों और बच्चों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए अलग से व्यवस्था की जायेगी. तीसरी आंख से हर ओर नजर रखी जायेगी. पेयजल के लिए किसी को भटकना नहीं पड़ेगा. होनी-अनहोनी को ध्यान में रख पूरे माह मेडिकल कैंप लगा रहेगा. महिला-पुरुष अलग-अलग बैरिकेटिंग से होकर मुख्य मंदिर में बाबा का जलाभिषेक कर सकेंगे. जिला प्रशासन, श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति सहित विविध धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ तालमेल बना कर समिति के सदस्य दर्शनार्थियों को हरसंभव देंगे.

उन्होंने बताया कि पूर्व गृह सचिव और समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय के मार्गदर्शन में समस्त कार्य संचालित किये जायेंगे. बैठक में सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, राजेश साहू राजू, अरुण वर्मा,राजेन्द्र सिंह, राज कुमार तलेजा, उर्मिला चौधरी, राकेश चौधरी, पलटू दादा, राम सिंह, मुरारी मंगल, पुजारी पिंटू बाबा, दीपक नंदा, प्रदीप, बेबी आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया.



पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक भाग ले रहे सदस्य गण.

### खास बातें

- 22 जुलाई को सोमवारी के साथ श्रावण का शुभारंभ
- उमड़ेगा कांवरियों और श्रद्धालुओं का सैलाब

### इस बार पांच श्रावण सोमवारी होगी

पहली 22, दूसरी 29, तीसरी पांच, चौथी 12 और अंतिम सोमवारी 19 जुलाई को है.

## जुलाई में बरसेंगी बरखा रानी, लगेगी त्योहारों की झड़ी

राजन बॉबी।रांची

सनातनियो के लिए आषाढ़ माह भक्ति का सौगात लेकर आया है. अस्त चल रहे शुक्र देव के उदित होने के बाद जुलाई में जहां बरखा रानी झूम कर बरसेंगी, वहीं मांगलिक कार्यों के साथ-साथ त्यौहारो की झड़ी भी लगेगी. सनातनी पूरे माह भक्ति में रमे रहेंगे. इस महीने योगिनी एकादशी व्रत, रथ यात्रा, गुरु पूर्णिमा, देवशयनी एकादशी, सावन सोमवार व्रत, हरियाली अमावस्या, सावन शिवरात्रि, चातुर्मास आदि कई प्रमुख व्रत त्यौहारों की धूम रहेगी. विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी खास आयोजन किये जाएंगे. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. राधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में 30 जून को मां ज्वाला की ज्योत का आगमण होगा. इसको लेकर सात दिनो तक पूजा-पाठ और भजन-भंडारा आदि कार्यक्रमो का क्रमवार सिलसिला चलेगा. हेसल शिव मंदिर में देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी. हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. शहर के अन्य मंदिरों में भी भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे.

### जुलाई माह के पर्व त्यौहार

- दो जुलाई - योगिनी एकादशी, तीन - प्रदोष व्रत (कृष्ण)- चार जुलाई- मासिक शिवरात्रि, पांच जुलाई- आषाढ़ अमावस्या, छह जुलाई - आषाढ़ गुप्त नवरात्रि, सात जुलाई - जगन्नाथ रथ यात्रा. नौ जुलाई - विनायक चतुर्थी, 11जुलाई - स्कंद षष्ठी, 16 जुलाई - कर्क संक्रांति,17 जुलाई- देवशयनी एकादशी, 19 जुलाई- प्रदोष व्रत (शुक्ल), 20 जुलाई - कोकिला व्रत, 21 जुलाई - गुरु पूर्णिमा, 22 जुलाई- सावन पहला सोमवार, 24 जुलाई – गजानन संकष्टी चतुर्थी और 29 जुलाई – सावन का दूसरा सोमवार.
- राधाकृष्ण मंदिर : 30 जून को मां ज्वाला की ज्योत का आगमन, एक से सात जुलाई तक नित्य पूजा-पाठ, भजन-संकीर्तन और भंडारा, सात जुलाई को ज्योत स्थापना.
- हेसल शिव मंदिर : सात जुलाई कलश यात्रा, वेदी पूजन आदि अनुष्ठान, आठ जुलाई प्राण-प्रतिष्ठा,रूद्राभिषेक,सुंदरकांड पाठ और भंडारा.
- हनुमान मंदिर,हेसल : 15 जुलाई कलश यात्रा, स्थापना पूजन, भजन और भंडारा आदि कार्यक्रमों का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलेगा.

### हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने पलामू एसपी रिश्मा रमेशन पर लगाए गंभीर आरोप, कहा


# मुझे जान का खतरा...नक्सलियों के खिलाफ एसपी नहीं कर रहीं कार्रवाई

लक्ष्मी सिंह। हुसैनाबाद

हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पलामू एसपी रिष्मा रमेशन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने एसपी पर नक्सलियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए अपनी जान का खतरा बताया है. इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है. इसमें कमलेश सिंह कह रहे हैं कि हुसैनाबाद हरिहरगंज में आए दिन नक्सली गतिविधियां काफी तेज हो गई हैं. मेरे छोटे भाई विभिन्न प्रकार के निविदा के जरिए पुल-पुलिया, सड़क आदि का निर्माण कार्य करते हैं. विधायक ने आगे कहा है कि पलामू एसपी को आठ से 10 बार पत्राचार किया हूं कि इलाकों में नक्सली गतिविधियां तेज हो गई हैं. वे लोग काम में लगातार काम में रुकावट डाल रहे हैं. रोज फोन करके जान मारने की धमकी दे रहे हैं. सड़क निर्माण में लगे तीन वाहनों में नक्सलियों ने आग लगा दी. इससे काम की प्रगति में रुकावट आ रही है. एसपी को यह भी जानकारी दी कि नक्सली यहां ठहरा हुआ है, फिर भी उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की. ऐसी स्थिति में हुसैनाबाद हरिहरगंज का विकास कैसे होगा? यह एक चिंतनीय विषय है.

**विधायक बोले**

- इलाके में विकास कार्यों में रुकावट डाल रहे हैं नक्सली
- एसपी को कई बार किया पत्राचार, नहीं हुई कोई कार्रवाई



### गृह मंत्रालय से एसपी की करेंगे शिकायत : विधायक

विधायक कमलेश सिंह ने कहा है कि सभी कागजात इकट्ठा कर गृह मंत्रालय से शिकायत करने दिल्ली जा रहे हैं. वहां बताएंगे कि पलामू एसपी एक जनप्रतिनिधि की उपेक्षा कर रही हैं. यह भी कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र है. थाना प्रभारी गरीब से पैसा तसीलने में लगे रहते हैं, कभी गश्ती नहीं करते हैं. यहां नक्सलियों ने आतंक मचाया हुआ है. चुनाव का समय है, अभी विकास का काम रूका हुआ है. नक्सली के ठहरे होने की सूचना के बाद भी एसपी ने कभी भी इसे गंभीरता ने नहीं लिया.

## नक्सलियों ने विधायक के भाई के तीन वाहन फूंके

संवाददाता। हुसैनाबाद

- हैदरनगर के डंडिला में सड़क निर्माण कार्य में लगे थे वाहन
- नक्सलियों की धर-पकड़ के लिए चला रहे अभियान : एसपी

पलामू के सुदूरवर्ती इलाके में भाकपा माओवादियों ने फिर से उत्पात मचाया है. लेवी नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण कार्य में लगे तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया है. तीनों वाहन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय सिंह उर्फ बीनू सिंह के बताये जा रहे हैं. घटना बुधवार की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है. विनय कुमार सिंह अपनी कंपनी अभय कंस्ट्रक्शन के माध्यम से हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया तक का सड़क का निर्माण करवा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात करीब दर्जन भर हथियारबंद माओवादियों का दस्ता डंडिला इलाके में पहुंचा और एक



धू-धू कर जलते सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहन.

जेसीबी और दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी. विनय कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें लेवी के लिए उग्रवादियों से धमकी मिल रही थी, जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को भी दी थी. उनका हरिहरगंज और डंडिला के इलाके में पुल व सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है. हरिहरगंज में लेवी के लिए उन्हें टीएसपीसी ने और डंडिला इलाके में माओवादियों ने धमकी दी थी.

**घटना के पीछे नक्सली कमांडर नितेश यादव का हाथ :** इस घटना के पीछे 15 लाख का इनामी नक्सली कमांडर नितेश यादव का हाथ बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि घटना के वक्त कंपनी का एक मुंशी मौके पर मौजूद था, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है. मामले में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा है कि नक्सलियों के धर-पकड़ के लिए इलाके में सघन अभियान चलाया जा रहा है.

**ब्रीफ खबरें**

### मोटरसाइकिल के धक्के से ट्रक चालक की मौत

**डकरा।** चुरी कोलयरी के बाघलाता के समीप सड़क दुर्घटना में शंभु राम नामक एक ट्रक चालक की मौत हो गई. घटना गुरुवार की रात 7 बजे बताई जाती है. घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार शंभु अपने ट्रक में कोयला लोड करने चुरी कोलयरी गया था. ट्रक खड़ा कर वह खाना खाने होटल पैदल जा रहा था. ऐसी बीच पिपरवार की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्ति ने उससे पीछे से धक्का मार दिया. जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई. हादसे के बाद मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अपना मोटरसाइकिल घटना स्थल पर ही छोड़कर भाग गया. मृतक शंभु राम मूलरूप से मोहम्मद गंज जिला पलामू का रहने वाला बताया जाता है. घटना के बाद खलारी पुलिस मृतक का शव को कब्जे में लेकर अग्रसर की कार्रवाई में लगी है.

### पूर्व बीएलओ का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**रातू।** रातू के समाजसेवी हुरहुरी ग्राम निवासी जुगेशवर सिंह की पत्नी अंजु देवी,(45)का बुधवार रात्रि 11 बजे दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया .वह अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्रियां छोड़ गई है.वह महिला समिति, स्वयं सहायता समूह तथा अपने पंचायत के बीएलओ भी रह चुकी थी.और राजनीति से भी जुड़ी थी.वह आजसू की महिला समिति की प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुकी है.उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है.

### पिकअप वैन पलटा बाल-बाल बचे लोग

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत के जिन्तुडीह गांव के एयरटेल-जिओ टावर के समीप सड़क पर बीती रात एक मिल्क पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया. मिल्क पिकअप वैन में करीब 200 लीटर दूध का पैकेट लदा हुआ था, मिल्क पिकअप वैन का चालक सुरक्षित है. मिल्क पिकअप वैन के चालक का कहना है कि वह प्रतिदिन चौका से दूध लेकर हजारीबाग जाता है बीती रात चौका से दूध लेकर जा रहा था इसी क्रम में पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे करीब 100 लीटर दूध का पैकेट का नुकसान हुआ है घटना की सूचना मिलते ही सोनाहातू पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी के सहारे मिल्क पिकअप वैन को उठाया गया. घटनास्थल पर एएसआई राकेश कुमार एवं पुलिस बल मौजूद थे.

### 30 को सीपीआईएम हुल दिवस मनाएगी

**बुंडू।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के तत्वाधान पर आगामी 30 जून को बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के तमाड़ प्रखंड स्थित भूयाईडीह आदि चौक में हुल दिवस मनाएगा. उक्त जानकारी लोकल कमेटी के सचिव नेहरू लाल मुंडा ,जेहरू लाल मुंडा ने देते हुए बताया कि इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश के सचिव प्रकाश विप्लव, प्रदेश कमेटी के सदस्य और तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा, सचिन मंडल सदस्य समीर दास,जिला सचिव सुखनाथ लोहार के अलावा कई किसान सभा के नेता शामिल होंगे. इसकी तैयारी को लेकर गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. हजारों की संख्या में किसान मजदूर शामिल होंगे.

### जंगल में सखुआ का बल्ली और बोटा काटकर ट्रैक्टर पर लोड किया था

# ग्रामीणों ने लकड़ी लदा ट्रैक्टर सहित वनरक्षी को पुलिस के हवाले किया

**खास बातें**

- वनरक्षी आनंद भगत ने कहा मैं गश्ती पर था,आरोप झूठा है
- रेंजर बोले- गलतफहमी हुई ग्रामीणों को, सच कुछ और

सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग

लापुंग थाना क्षेत्र के लतरातु देशवाली जंगल में बुधवार अवैध तरीके से सखुआ के बल्ली एवं बोटे काट जा रहे थे. लतरातु के ग्रामीणों ने सखुआ के बोटे के साथ ट्रैक्टर सहित सिविल ड्रेस में लकड़ी लोड करते नगड़ी बीट के वनरक्षी सहित ट्रैक्टर के चालक और सहयोगियों को भी कब्जे में ले लिया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सिविल ड्रेस में वनरक्षी खुद अवैध तरीके से लकड़ी कटवा कर लोड कर रहे थे. लतरातु के ग्रामीणों ने वनरक्षी को बुधवार दोपहर से लेकर रात 10:00 बजे तक गांव में बैठाकर रखा और रात 10:00 बजे छोड़ा. दूसरे दिन गुरुवार को 9:00 बजे से लतरातु पंचायत सचिवालय परिसर में ग्राम प्रधान ललित उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि सुजीत तिर्की की अध्यक्षता एवं संचालन में ग्रामीणों ने वनरक्षी आनंद भगत एवं अन्य लोगों को बुलाकर बैठक किया और निर्णय लिया कि वनरक्षी समेत ट्रैक्टर और ट्रैक्टर के चालक को लापुंग पुलिस के हवाले कर देना है. इस संबंध में लापुंग पुलिस को लिखित आवेदन देकर वनरक्षी सहित ट्रैक्टर चालक के ऊपर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया. लापुंग के एएसआई हेरमन सोय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया.



लतरातु पंचायत सचिवालय के पास ग्रामीणों के कब्जे में वनरक्षी आनंद भगत .

### जंगल में पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी:वनरक्षी

उधर वनरक्षी आनंद भगत ने कहा कि वे कल गश्ती में थे उन्हें जंगल में लकड़ी काटे जाने की सूचना मिली थी तो वे धरपकड़ के लिए ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि वे वन विभाग के अधिनियम के तहत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पहुंचे थे. लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें गांव में दस बजे तक रात तक बैठा कर रखा. हालांकि लतरातु के श्याम लाल बडाईक ने कहा कि वनरक्षी सिविल ड्रेस में जंगल में क्या कर रहा था ? अगर जंगल की कटाई दूसरा कोई कर रहे थे तो इसकी सूचना वन रक्षा एवं प्रबंध समिति लतरातु के अध्यक्ष को क्यों नहीं दी गई. सिविल ड्रेस सेंडो गंजी में वनरक्षी खुद लकड़ी लोड कर रहे थे. जबकि वे लेबर लाए थे. ट्रैक्टर में नंबर भी नहीं था.

### वनरक्षी और ट्रैक्टर चालक हिरासत में

रेंजर से बात कराने कहा गया तो वे राहुल से बात कराया. ग्रामीणों ने कहा कि मामले की जांच होनी चाहिए. गार्ड खुद संदेह के घेरे में है. गुरुवार की शाम तक मामला दर्ज नहीं किया गया था. लापुंग थाने में थाना प्रभारी का इंतजार किया जा रहा था. फिलहाल ग्रामीणों द्वारा बनाए गए आरोपी वनरक्षी आनंद भगत, ट्रैक्टर के चालक अमन गोप सहित अन्य लोगों को पुलिस अपने हिरासत में रखी थी. मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग के रेंजर थाना पहुंचे और मामले की जानकारी ली. बेडो.के रेंजर सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि कटे हुए लकड़ी को जब्त करने गार्ड पहुंचा था लेकिन गलतफहमी में ग्रामीणों ने उसे ही आरोपी बना दिया. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द गलतफहमी दूर होगी सच्चाई सामने आएगी.

### रातू में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ निवासी भोला साव की पत्नी रानी कुमारी(19 ) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली . घटना को लेकर मृतिका के पति भोला साहू रातू थाना में मामला दर्ज कराया है. जानकारी अनुसार भोला साव प्रत्येक दिन की भांति प्राइवेट कंपनी में नाइट गार्ड का काम कर सुबह 10 बजे घर लौटा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है.काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसको अनहोनी की आशंका हुई और वह दरवाजा को तोड़कर अंदर गया.अंदर देखा कि उसकी पत्नी छत के हूक में फांसी लगा ली है.उसने तत्काल इसकी सूचना रातू थाना को दी.रातू पुलिस ने शव का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. मृतका के पति ने बताया कि रानी कुछ दिनों से अपने मायके को लेकर तनाव में थी.

### टाइगर जयराम महतो की बुंडू में छह को महासभा

**बुंडू।** जेबीकेएसएस और जेएलकेएमएम के संयुक्त तत्वावधान पर 6 जुलाई को बुंडू आयोजित बदलाव संकल्प सभा को सफल बनाने को लेकर तैयारी जारी है. इसी क्रम में महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा बुंडू प्रखंड के हाजेद,तैमारा लबगा, पंसकाम, आनेडीह, कराम्बू आदि गांवों का दौरा किया . उन्होंने ग्रामीणों को संबोधन में कहा कि जयराम महतो के नेतृत्व में राज्य में स्थानीय लोगों के हक अधिकार के लिए बदलाव सभा का आयोजन किया गया है . जिसमें ग्रामीणों को शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र देकर बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील किया . मौके पर केन्द्रीय सक्रिय सदस्य विश्वनाथ महतो, सुमित महतो शंकर पाहन,चामा पाहन, मोहन मुंडा, मंगल आदि थे.

**न्यूज अपडेट**

### विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर




**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत अंतर्गत राजागोड़ा गांव में लगा ट्रांसफार्मर लगभग एक महीना से ख़राब था. जिसके चलते ग्रामीणों को काफ़ी दिक्क़तों का सामना करना पड़ता था. बिजली की परेशानियों को देखते हुए ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिल्ली के विधायक श्री सुदेश कुमार महतो को दिया. स्थानीय विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया.इस दौरान सिल्ली प्रखंड प्रमुख जीतेन्द्र नाथ बड़ाईक, पिस्का पंचायत प्रभारी गीता देवी, विशाल महतो, अनिल महतो, धीरेन महतो, बिरेन महतो समेत ग्रामीण उपस्थित रहे.

### महिलाओं ने विद्युत आपूर्ति प्रशाखा का घेराव किया



**नामकुम।** सिदरोल गांव की महिलाओं ने सिदरोल स्थित रामपुर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा का गुरुवार को घेराव भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में किया. कार्यक्रम में कुसुम मुंडा रूपा चौहान अंजली लकड़ा एवं वार्ड सदस्य पूजा लिंडा शामिल हुए. महिलाए झारखंड सरकार की लचर बिजली आपूर्ति के खिलाफ आवाज उठाई . घेराव में उपस्थित महिलाओं ने एक सुर में बिजली आपूर्ति सुधारने की बात कही आरती कुजूर ने कहा कि सिदरोल में बिजली सब स्टेशन है किंतु गांव को ही बिजली नहीं मिलती है . घेराव में आरती कुजूर, अंजली लकड़ा, कुसुम मुंडा, रूपा चौहान, सरोज कुमारी, अशोक मुंडा, वार्ड सदस्य पूजा लिंडा, मुखिया प्रत्याशी शांति मुंडा, विनीता कच्छप, मीना देवी, कविता देवी,सुनीता देवी आदि शामिल थी.

### आंगनबाड़ी भवन जर्जर,कहीं बड़ा हादसा न हो जाए



सोनाहातू। प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेन्दा पंचायत के चरकुडीह गांव का आंगनबाड़ी भवन काफी जर्जर स्थिति में है. आंगनबाड़ी केंद्र का का छत कई जगह से गिरने की स्थिति में है. केंद्र में एक भी दरवाज़ा और खिड़की सही नहीं है. जिस कारण कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका जतायी जा रही है. दरवाजा नही होने का कारण कभी भी आवारा कुत्ता, बैल, बकरी, प्रवेश कर डेरा जमा लेते है. केन्द्र में बाथरूम बनाया गया था, लेकिन देखरेख नहीं होने के कारण बर्बाद हो चुका है. केंद्र का बाउंड्रीवाल भी गिर चुका है. पानी का कोई व्यवस्था नहीं है. केन्द्र में सोलर टंकी तो लगी है, लेकिन मशीन का कहीं आता-पता नहीं है. विभाग के पदाधिकारी कभी भी केन्द्र का निरीक्षण नहीं करते हैं.

### झामुमो की बैठक में विस चुनाव की तैयारी पर चर्चा



**खलारी।** खलारी सीमेंट फैक्ट्री के यूनियन कार्यालय में झामुमो के खलारी प्रखंड के पदाधिकारियों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान एवं संचालन कलाम रिज्वी ने की. बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए खलारी प्रखंड के सभी पंचायत को मजबूत करने के लिए महिला मोर्चा, किसान मोर्चा एवं क्रीड़ा मोर्चा का गठन जल्द से जल्द किया जायगा. बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, कमलेश प्रशाद संयुक्त सचिव, चितरंजन सिंह,राजकुमार,प्रवीण चौहान गंझू, संगठन सचिव सुधीर चौहान ,सुनील यादव कोषाध्यक्ष जैनुल खान, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव,उपाध्यक्ष गौरव सिंह आदि शामिल थे.

### शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से घटे पर्यटक

**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज स्टेशन में शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने से पर्यटन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है. मैक्लुस्कीगंज शिक्षा के साथ-साथ पर्यटन के क्षेत्र में विख्यात है. पश्चिम बंगाल से मैक्लुस्कीगंज का ऐतिहासिक जुड़ाव व संबंध रहा है. ऐसे में बंगाल से पूरे वर्ष पर्यटक यहां आते रहते हैं. शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव यहां लगभग ढाई वर्षों से नहीं हो रहा है. पहले बंगाल के पर्यटक सीधे मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पहुंचते थे, और अब पर्यटकों को जमशेदपुर-रांची के रास्ते या फिर टोरी-चंदवा स्टेशन से वाहन बुक कर अतिरिक्त खर्च कर मैक्लुस्कीगंज आना पड़ता है. वहीं चंदवा से वाहन चालक देर रात मैक्लुस्कीगंज आने से कतराते हैं. यह मार्ग अतिसंवेदनशील है. मैक्लुस्कीगंज से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर चंदवा-टोरी स्टेशन पर उतरकर निजी वाहन बुक कर मैक्लुस्कीगंज आना पड़ता है.

## एंगल चोरी कर भाग रहे नौ चोरों को ग्रामीणों ने दबोचा



बड़का हातमा में एंगल चोरों को पुलिस के हवाले करते ग्रामीण.

संवाददाता। मांडर

थाना अंतर्गत करगे पंचायत के बड़का हातमा के ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर चोरी के हाईटेंशन के एंगल के साथ नौ चोरों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. पकड़े गये चोरों में हजारीबाग बड़कागांव का सिमरतिरि निवासी विनोद कुमार महतो, बड़कागांव महूदी के मेघु राणा, बुढ़मू के माशूक अंसारी, बुढ़मू ईचापीड़ी के इजहार मलिक, साहिल मलिक, चकमे गांव का गुलजार अंसारी, मक्का गांव का दीपक साहू एवं काशीटोला का रामनाथ लोहार शामिल है. इनके पास से चार बाइक जेएच 01 सी- 7433, जेएच 02के- 0468, जेएच 08एफ-8129, जेएच 01ए-6241 सहित हाईटेंशन टावर का करीब पांच क्विंटल एंगल बरामद किया गया है.

### 1857 की स्वतत्रंता सेनानियों की चौथी पीढ़ी के वंशजों ने किया प्रदर्शन, कहा

## राज्य सरकार नहीं कर रही है सहयोग

संवाददाता। रांची




अमित सिंह



कोमल खेरवार



जीतराम बेदिया



इंतशाम अली

हजारों वीरों के बलिदान से देश आजाद हुआ. देश को आजादी दिलाने में हजारों लोगों को फांसी दी गई. अंग्रेजों से गोलियां खानी पड़ी. तब देश आजाद हुआ, लेकिन आज झारखंड के शहीदों के वंशजों की सुध लेने वाला कोई सामने नहीं आ रहा है. गुरुवार को 1857 की लड़ाई में चार शहीद परिवार के वंशजों ने अपनी मांग को लेकर राजभवन के समक्ष उपवास रखकर विरोध जताया. उपवास पर बैठे शहीदो के परिवार से राष्ट्रीय युवा शक्ति का साथ मिला. इस दौरान अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि युवा शक्ति का गठन ही शहीदो के नाम से किया गया है. झारखंड में शहीद होने वाले परिवार का सहयोग नही मिलना दुखद है. सरकार वीरक्रांति के परिवार को चिन्हित करे है.और उनका सहयोग दिलाये.

शहीद टिकैत उमरांव सिंह की चौथी पीढ़ी के वंशज अमित सिंह ने कहा कि यह कैसा झारखंड है, जिसमें शहीदों के परिवार वाले को सरकार भूल जा रही है.आजादी के लिए जो परिवार अपना बलिदान दिया, संघर्ष किया, अंग्रेजों से लड़ाई लड़ा. आज उसका पूरा परिवार राज्य में ठोकर खा रही है.

**ये हैं इनकी मांगें**

- स्वतंत्रता सेनानी आयोग का गठन हो, ताकि परिवारों को सहायता मिल सके.
- निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाए.
- सरकार की ओर से स्वतंत्रता सेनानी के वंशजों को भी पेंशन दी जाए.
- झारखंड स्थापना दिवस पर शहीद परिवारों को सम्मानित किया जाए.
- यूनिवर्सिटी का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के नाम पर ही हो.

**अनुसंधान** भाकपा माओवादियों को फंडिंग करने के मामले में की गयी छापेमारी, रांची से पहुंची थी एनआई की टीम

# मनोहरपुर की ईंट फैक्ट्री में एनआईए का छापा, टेरर फंडिंग की जांच

संवाददाता। किरीबुरु

मनोहरपुर स्थित जोगेश्वर गोप उर्फ जोगी के ईंट फैक्ट्री में गुरुवार की अहले सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) की टीम ने टेरर फंडिंग मामले को लेकर छापेमारी की. रांची से चार वाहनों में एनआईए की टीम और मनोहरपुर थाना पुलिस की ईंट फैक्ट्री पहुंच कर तलाशी ले रही थी. जानकारी के अनुसार, एनआईए एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा और नक्सलियों के फ्रंट ऑर्गेनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई कर रही है.

बताया जा रहा है कि भाकपा माओवादियों को फंडिंग करने के मामले में यह छापेमारी की गयी है. बता दें कि जोगेश्वर गोप का घर अत्यंत नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल के गुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत रोवाम गांव में पड़ता है. इस संबंध में जोगेश्वर गोप से संपर्क करने पर उसने बताया कि अभी वह चाईबासा न्यायालय में एक तारीख पर आया हैं. मनोहरपुर के थाना प्रभारी फोन कर आने को कह रहे थे, लेकिन जब तक न्यायालय की प्रक्रिया खत्म नहीं हो जाती, तब तक वहां जाना संभव नहीं है. उसने कहा है कि एनआईए को जांच में पूरा सहयोग करेंगे.



जोगेश्वर गोप

**खास बातें**

- नक्सलियों को फंडिंग करने के मामले में चल रही जांच
- गुवा के रोवाम गांव निवासी जोगेश्वर गोप की है फैक्ट्री

**नक्सली से संबंध या संपर्क होने से किया इनकार :** जोगी ने नक्सलियों से किसी प्रकार का संपर्क अथवा संबंध होने की बात को सिरे से खारिज किया है. बताया कि मनोहरपुर स्थित ईंट फैक्ट्री में तीन पार्टनर हैं, जिसमें उसके अलावा मनोहरपुर निवासी राजेश राम और हीरा बगाड़िया शामिल हैं.

## पीएलएफआई एरिया कमांडर सहित दो गिरफ्तार

- एक कट्टा, तीन कारतूस, पर्चा और चोरी की बाइक बरामद

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर विष्णु मांझी के साथ एक अन्य नक्सली सामू डोडराय उर्फ फुटू को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया. दोनों तोरपा थाना क्षेत्र के जरिया कुटाम के रहनेवाले हैं. इनके पास एक कट्टा, तीन कारतूस, पीएलएफआई के चार पर्चे, चोरी की बाइक (जेएच 01पी 4246) और पांच मोबाइल बरामद किये गये हैं.

तोरपा एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तोरपा थाना के तेतरटोली के पास दो व्यक्ति एक स्लेटी रंग की बाइक से घूम हैं और हथियार रखे हुए हैं. इसमें एक पीएलएफआई का एरिया कमांडर भी है. एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम जब तेतरटोली के पास पहुंची, तो दोनों भागने लगे. हालांकि सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया. पूछताछ में दोनों नक्सलियों की पहचान हुई.



कार्रवाई की जानकारी देते तोरपा एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा.

### मुरी में सड़क दुर्घटना में युवक की जान गई

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली पुलिस को अहले सुबह गुरुवार को रांची-पुरुलिया मुख्य मार्ग पर खून से लथपथ युवक का शव मिला. जिसकी पहचान अफताब खान तालडागा पुरुलिया निवासी के रुप में हुई. ग्रामीणों से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक रांची पुरुलिया मार्ग पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है . तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को उठाकर सामुदायिक अस्पताल सिल्ली ले आई . जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया. पुरुलिया पुलिस की सहयोग से मृत युवक के परिजनों को खबर मिलते ही सिल्ली थाना पहुंचे और बताया कि आफताब खान पिछले 25 जून को सुबह घर से निकला था और वापस नहीं आया. परिजनों ने पुरुलिया थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया था.

